**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**FIRST TERM EXAMINATION – SEPTEMBER 2024**

**HINDI-2nd Language**

**Class: VI** **Date: 19/09/2024**

**Time: 3 Hrs.** **कुल पृष्ठ - 05 कुल प्रश्न - 19** **Maximum Marks: 80**

---

**खण्ड - क**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5**

चीन की विशाल दीवार मिट्टी और पत्थर से बनी हुई है। इसका निर्माण 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 16वीं शताब्दी तक करवाया गया था। इसके निर्माण कार्य में लगभग 2000 साल लगे थे। इस दीवार की लंबाई 6400 कि.मी. है। यह दुनिया में इंसानों की बनाई सबसे बड़ी संरचना है। इस दीवार की चौड़ाई की बात करें तो इस पर 5 घुड़सवार और 10 पैदल व्यक्ति एक साथ चल सकते हैं। यह दीवार इतनी विशालकाय है कि इसको अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है। अंग्रेजी में 'ग्रेट वॉल ऑफ चाइना' (Great wall of China) के नाम से जाने जानी वाली यह दीवार दुनिया के सात अजूबों में शामिल है। इस दीवार को चीन के सम्राट ने उत्तरी हमलावरों से बचने के लिए बनाया था। 1987 में इस दीवार को यूनेस्को ने विश्व धरोहर में शामिल किया था।

**प्रश्नः-**

**क. चीन की दीवार को बनाने में कितने साल लगे?**

1. 200 साल 2. 2000 साल 3. 2200 साल

**ख. चीन की दीवार को किस लिए बनाया गया?**

1. दक्षिणी हमलावरों से बचने के लिए 2. उत्तरी हमलावरों से बचने के लिए 3. उपर्युक्त दोनों

**ग. चीन की विशाल दीवार किससे बनी हुई है?**

1. लोहे और पत्थर से 2. मिट्टी और काँच से 3. मिट्टी और पत्थर से

**घ. चीन की दीवार की लम्बाई कितनी है?**

1. 4600 कि. मी. 2. 6200 कि. मी. 3. 6400 कि. मी.

**ङ चीन की दीवार को यूनेस्को में कब शामिल किया गया?**

1. 1977 में 2. 1987 में 3. 1897 में

2. **वचन बदलिएः-** **1**

महिला, सखी

3. **लिंग बदलिएः-** 1

आदमी, देवर, भगवान, श्रीमान

4. **विलोम शब्द लिखिएः-** **1**

स्वर्ग, शांति

5. **दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः-** 2

माँ, स्त्री

6. **उचित सर्वनाम शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** 2

क. दादी जी, --------- स्कूल जा रही हूँ।

ख. --------- खेलने जा रहे हैं।

ग. ---------- अपना सामान ले जाओ।

घ. इन लड़कों में से -------------- यह काम कर सकता है?

7. **निम्नलिखित में से मूल सब्द और प्रत्यय अलग कीजिएः-** 2

वैज्ञानिक, शारीरिक, लौकिक, मासिक

8. **भविष्यतकाल की उचित क्रियाओं से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** 2

1. हम आज केरल ------------। (जा)

2. मेरे दादा जी खाना ----------। ( खा)

3. मोहन क्रिकेट ----------। (खेल)

4. ललिता, क्या तुम मेरा नाटक देखने ----------------------- (आ)

9. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिएः-** **2**

क) मीरा क्रिकेट खेल रहा था।

ख) पिता जी चारपाई पर लेटा थे।

ग) मेरे चाचा जी मिठाई लाया।

घ) लड़के शोर मचा रही थी।

10 **निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिएः-** 2

सिर पीटना, दिल काँपना

11. **किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिएः-** **5**
बालश्रम, जीवन में खेलकूद का महत्व

12. **बहन के विवाह में आमंत्रित करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।** 5

**अथवा**

**जन्मदिन पर सुंदर उपहार देने के लिए धन्यवाद देते हुए दादा जी को पत्र लिखिए।**

13. **शिक्षक दिवस की तैयारी के संबंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।** 5

14. **चित्र देखकर लगभग 40-50 शब्दों में अपने विचार लिखिएः-** 5



**खण्ड-ख**

15. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए**:- 5

विभु काका एक दम बदल गए थे। पहले कोट-पैंट पहना करते थे । किन्तु अब खादी का कुरता-पाजामा और साधारण-सी चप्पलें पहनते थे। विभु काका ने अमरीका में कृषि-विज्ञान की पढ़ाई की थी। उसके बाद भारत लौटकर दिल्ली के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में वर्षों तक काम करते रहे। अकसर वे यूरोप, अमरीका की यात्रा पर निकल जाते थे। विदेश में बसने के लिए उन्हें वहाँ की सरकारों ने बड़े-बड़े प्रलोभन भी दिए थे किन्तु काका को तो अपना देश ही प्यारा था। काका अब पूरी तरह बदल चुके थे-एकदम किसान बन गए थे।

**क. विभु काका ने कृषि-विज्ञान की पढ़ाई कहाँ की थी**?

1) भारत में 2) दिल्ली में 3) अमरीका में

**ख. काका को कौन-सा देश प्यारा था**?

1) भारत 2) अमरीका 3) यूरोप

**ग. विभु काका पहले क्या पहना करते थे**?

1) कोट 2) पेंट 3) उपर्युक्त दोनों

**घ. विभु काका अकसर कहाँ निकल जाते थे**?

1) एशिया, अमरीका 2) अमरीका, यूरोप 3) अफ्रिका, यूरोप

**ङ) विभु काका कहाँ काम करते थे**?

1) जयपुर के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में 2) अमरीका के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में

3) दिल्ली के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में

16. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** 5

आया सुभग सवेरा राही
अग-जग की निद्रा टूटी
अरुण किरण अंबर में छूटी
किया मलय ने फेरा राही।
डाल-डाल में फूटी कोपल,
स्वर्णिम, ताम्र, नील और उज्ज्वल,
किसने रंग बिखेरा राही.
आया सुभग सवेरा राही।
तुम भी अपनी आँखें खोलो
कनक-किरण के जल में धो लो,
मन का मिटे अँधेरा राही
आया सुभग सवेरा राही।

**क) जग की निद्रा कब टूटी है**?

1. अँधेरा होने पर 2. सवेरा होने पर 3. बरसात होने पर

**ख) सवेरा किसका प्रतीक है**?

1. नई शुरुआत का 2. आलस्य का 3. उपर्युक्त दोनों

**ग) कवि आँखों को किससे धोने के लिए कह रहा है**?

1. कनक-किरण के जल से 2. गुलाब जल से 3. मीठे जल से

**घ) कवि किसका अँधेरा मिटाने की बात कर रहें हैं**?

1. मन का 2. संसार का 3. देश का

**ङ) अंबर में कौन-सा रंग फैल गया है**?

1. काला 2. लाल 3. हरा

17. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिएः-** 5x2=10

क. काका का अनोखा संसार किसे कहा गया है?

ख. लाला सदानंद ने पत्रिकाएँ देखकर पंडित शादीराम को क्या सुझाव दिया?

ग. भारतवासियों के लिए हिंदी महत्वपूर्ण क्यों है?

घ. हनुमान प्रसाद ने लेखक को गोभी के फूल के बारे में क्या समझाया?

ङ हम अपने मन का अँधेरा किस प्रकार मिटा सकते हैं?

18. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिएः-** 5x3=15

क. कौन-सी बातें हैं जिनसे गाँवों का स्वरूप बदला जा सकता है?

ख. पंडित शादीराम के लिए एक-एक पैसा मोहर जैसा क्यों था?

ग. भारत को नई पहचान दिलाने में हिंदी का क्या योगदान है?

घ. गोभी के फूल को लाने में लेखक को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

ङ मलय ने अपनी दिशा क्यों बदल दी है?

19. **सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

क. बाबू किसे कहा गया है**?** 1

ख. लेखक ने भारतमाता को अभागी क्यों कहा है**?** 2

ग. लेखक ने देश के पतन का क्या कारण बताया है**?** 2

-------------------